>

Title : Need to appoint adequate teachers in Kendriya Vidyalaya Jalgaon, Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): केन्द्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा महाराÂट्र के जलगांव में केन्द्रीय विद्यालय चलाया जा रहा है लेकिन यह केन्द्रीय विद्यालय स्थापना के बाद से ही उचित देखभल के अभाव में उपेक्षा का शिकार दिखाई दे रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों तथा उस क्षेत्र के बच्चों की स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्थापित केंद्रीय विद्यालय जलगांव अपने इस उद्देश्य से कोसों दूर दिखाई पड़ता है। जलगांव के केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी तथा योग्य अर्हता वाले शिक्षकों की नियुक्ति के अभाव में बच्चों को उचित शिक्षा उपलब्ध नहीं हो रही है और अभिभावकों में असंतोÂा निर्माण हो रहा है। केन्द्रीय विद्यालय जलगांव में शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय से निकालना भी शुरू कर दिया है। केन्द्रीय विद्यालय जो कि अपने स्तरीय शिक्षा के लिए जाना जाता है उसकी उपेक्षा तथा देखभाल के अभाव से शिक्षा का स्तर गिर रहा है। सरकार तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्रबंधन से शिक्षकों की कमी तथा अर्हता प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में पत्राचार के माध्यम से शिकायतें, अनुरोध करने के बाद भी उचित कार्यवाही नहीं करने से भविÂय में जलगांव का केंद्रीय विद्यालय बंद हो सकता है और इसका दायित्व भी सरकार पर रहेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय को उचित निर्देश देकर जलगांव के केन्द्रीय विद्यालय पर ध्यान आकर्Âित कर वहाँ पर निपुण शिक्षकों की कमी को देखते हुए उन रिक्तियों को तत्काल भरा जाना चाहिए और विद्यार्थियों के भविÂय को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने का आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ।